☎2286710
2286709

राज्य नगरीय विकास अभिकरण
नव चेतना केन्द्र,10 अशोक मार्ग,लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org
e-mail : pmusuda@gmail.com

पत्रांकः 903/110/तीन/97–vi फैक्स दिनांकः 08/6/15

मासिक समीक्षा बैठक

तिथि व समय– दिनांक 18 एवं 19 जून, 2015 प्रातः 11.00 बजे ।

बैठक स्थल–राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा),उ0प्र0, सभागार लखनऊ।

दिनांक 18 जून , 2015

परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
जनपद–आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बदायूँ, बागपत, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बहराइच, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, चन्दौली, देवरिया,, इटावा, फैजाबाद, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस एवं ललितपुर।

दिनांक 19 जून, 2015

परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
जनपद– अमरोहा, सम्भल, मुरादाबाद, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानुपर नगर, कासगंज, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर–खीरी, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, चित्रकूट, मैनपुरी, एटा, मथुरा, मऊ, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, संतकबीर नगर, शाहजहांपुर, शामली, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव एवं वाराणसी।

एजेण्डा

1. पूर्व मासिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या की समीक्षा।
2. बी0एस0यू0पी0/आई0एच0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत आवासों के आवंटन व हस्तान्तरण की स्थिति, आवास निर्माण की प्रगति व अभ्यर्पण के सापेक्ष धनराशि की वापसी।
3. राजीव आवास योजना की समीक्षा तथा निर्माण कार्यों की भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0, प्लान ऑफ एक्शन/सर्वे, लम्बित कार्यों/संदर्भों की समीक्षा।
4. आसरा योजनान्तर्गत भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0 तथा आवासों के आवंटन की स्थिति की समीक्षा।
5. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के सभी उपघटकों की भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0 एवं लम्बित कार्यों/संदर्भों की समीक्षा।
6. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के उपघटक एस0यू0एच0 एवं सी0एल0सी0 की सूडा द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्रगति की समीक्षा।

7. मोटर/बैटरी चालित रिक्शा योजना के परिप्रेक्ष्य में पूर्व निर्गत शासनादेशों के अनुरूप पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु निर्धारित विभिन्न कट–आफ–डेट के संबंध में पूर्व निर्गत विभिन्न दिशानिर्देश एवं अभिकरण मुख्यालय स्तर से दिनांक 19.05.2015 को प्रकाशित विज्ञापन के सापेक्ष पात्र लाभार्थियों की अद्यतन सूची की हार्ड एवं साफ्ट प्रति भी अनिवार्यतः साथ लेकर आयें। पात्र लाभार्थियों की सूची में अनुसूचित जाति/अल्पसंख्यक वर्ग के आवेदकों की पृथक संख्या भी अंकित की जाये । शून्य संख्या घोषित जनपद सक्षम अधिकारी के स्तर से निर्गत इस आशय का प्रमाण पत्र भी साथ लेकर आये।
8. आई0एल0सी0एस0 2008 के लम्बित मामलों की आर0सी0 व वसूली आदि की समीक्षा।
9. स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना में प्लेसमेन्ट आदि की प्रगति, पूर्व में जारी निर्देशों के अनुपालन की स्थिति व स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना के सापेक्ष अवशेष उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा उपलब्ध धनराशि की समीक्षा।
10. शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों व अन्य मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली, जल निकासी, सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य सामान्य सुविधा योजना के अंतर्गत शासनादेशवार सभी परियोजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0 तथा परिसंपत्ति हस्तान्तरण (नगर निकायों को) की समीक्षा।
11. योजनावार जिला स्तर पर माह के आरम्भ मे उपलब्ध धनराशि, शासन द्वारा जारी की गयी धनराशि, सूडा द्वारा डूडा को जारी धनराशि, डूडा द्वारा व्यय की गयी धनराशि, प्रदत्त उपयोगिता प्रमाण पत्र, अवशेष धनराशि तथा अवशेष उपयोगिता प्रमाण पत्र की समीक्षा।
12. एस0जे0एस0आर0वाई0 योजनान्तर्गत उपघटकवार अन्तिम व्यय की सूचना साथ लेकर आयें तथा उसके सापेक्ष अवशेष उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें।
13. विशेष बिन्दु – अर्बन स्टेटिटिक्स फॉर एच आर एण्ड एसेस्मेंट्स (USHA) योजना के अंतर्गत अभिकरण स्तर से निर्गत आदेशों के कम में अद्यतन स्लम प्रोफाइल से संबंधित सर्वेक्षण कार्य की अद्यतन स्थिति की सूचना तथा ऑनलाईन डेटाफीडींग हेतु नामित संस्था को उपलब्ध कराये गये फार्मेट्स की संख्यात्मक स्थिति की सूचना भी साथ लेकर आये।

आवश्यक निर्देश

1. मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं से आच्छादित कार्यों की अद्यावधिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति।
2. सूडा के पत्रांक–1976/27/तीन/2001 (स्टेप–अप), दिनांक 03.09.2014 के द्वारा एस0जे0एस0आर0वाई0/एन0यू0एल0एम0 योजनान्तर्गत कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उपघटक में सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में वांछित प्रारूप पर सूचना साथ लेकर आयें।
3. सूडा द्वारा संचालित JNNURM, NULM व अन्य योजनाओं की निर्धारित प्रारूप पर एम0पी0आर0/अद्यतन वित्तीय/भौतिक प्रगति रिपोर्ट मीटिंग में साथ लेकर आयें तथा इसके पूर्व ईमेल से प्रत्येक माह की 3 तारीख तक सूचना अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश पूर्व में दिये जा चुके हैं।
4. बी0एस0यू0पी0/आई0एच0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत 50 कॉलम के स्थान पर नये प्रारूप पर प्रत्येक माह एम0पी0आर0 प्रेषित करने हेतु सूडा के पत्रांक 181/59/पन्द्रह/IHSDP/BSU/सरे–IX दिनांक 22.04.2015 के द्वारा प्रारूप प्रेषित

☎2286710
2286709
राज्य नगरीय विकास अभिकरण
नव चेतना केन्द्र,10 अशोक मार्ग,लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org
e-mail : pmusuda@gmail.com

किया गया था। प्रेषित किये गये नये प्रारूप पर सूचना सही तरह से भरकर अद्यतन प्रगति विवरण की एक प्रति प्रत्येक दशा में बैठक में साथ लायें।

5. विकास एजेण्डा सूत्रों से संबंधित नियत प्रारूप पर आख्या ई–मेल द्वारा भेजें तथा हार्ड कॉपी साथ लेकर आये।
6. पूर्व वर्षो से संचालित रिक्शा चालको के लिये व्यक्तिगत दुर्घटना एवं निजी रिक्शा बीमा योजना के अन्तर्गत अद्यतन प्राप्त दावा प्रकरण/संबंधित बीमा कम्पनी को संदर्भित दावा प्रकरण/अब तक लाभान्वित लाभार्थियों के विवरण तथा योजना में आच्छादित रिक्शा चालको को योजना के समुचित प्रचार–प्रसार और जानकारी प्रदान किये जाने संबंधी कार्यो का ब्यौरा जनपदों से निरन्तर निर्देश के बाद भी अप्राप्त है। निर्देशित किया जाता है कि बैठक में वांछित सूचना अवश्य लेकर आयें।
7. पूर्व मासिक समीक्षा बैठक की अनुपालन आख्या साथ लेकर आयें।
8. समस्त पी0ओ0/ए0पी0ओ0, डूडा उपर्युक्त कार्यसूची पर गम्भीरता से समयबद्ध आवश्यक कार्यवाही करे तथा अनिवार्य रूप से बैठक में भाग लें।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

<u>पत्रांक एवं दिनॉक तदैव।</u>
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, सचिव, नगर विकास एवं नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम उ0 प्र0 शासन को सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम उ0 प्र0 शासन।
3. निदेशक कैम्प/अपर निदेशक कैम्प/वित्त नियंत्रक कैम्प सूडा।
4. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
5. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
6. सूडा के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों/परामर्शी को इस आशय के साथ प्रेषित कि आयोजित बैठक में समीक्षा बिन्दुओं से संबंधित पूर्ण विवरण समय से प्रस्तुत कर बुकलेट बनवाने, अपनी समीक्षा आख्या प्रस्तुत करने व भाग लेने हेतु।
7. महा प्रबन्धक, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को समय से समस्त प्रगति आख्या भेजने, अपनी समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने व बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
8. प्रभारी नजारत, सूडा को समय से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित् करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक